हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 अगस्त 2026

04 राधा रानी की मुदरिया चोरी की लीला में सखियों के...

07 स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर अंतिम रिहर्सल की गई

[राधौगढ़ | मुंगावली| आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय| ईसागढ़]

समाचार संक्षेप

गुना की अंशु साहू मध्यप्रदेश जूनियर महिला हॉकी टीम की मैनेजर नियुक्त

गुन। गुना हॉकी के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में जिले की वरिष्ठ महिला हॉकी खिलाड़ी अंशु साहू को मध्यप्रदेश जूनियर महिला हॉकी टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर द्वारा की गई है। मध्यप्रदेश जूनियर महिला हॉकी टीम 13 से 23 अगस्त 2026 तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेगी। टीम 13 अगस्त को ग्वालियर से पुणे के लिए प्रस्थान करेगी। जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे बॉबी ने बताया किअंशु साहू लंबे समय से गुना हॉकी से जुड़ी हुई हैं तथा वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में जिले की महिला हॉकी का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। प्रदेश की जूनियर महिला टीम के मैनेजर जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना उनकी खेल यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धि होने के साथ-साथ गुना हॉकी के लिए भी गौरव का विषय है। जिला हॉकी संघ, गुना ने अंशु साहू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश टीम के मैनेजर के रूप में कार्य करने से उन्हें महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। उनके इस अनुभव का लाभ भविष्य में गुना की युवा एवं जूनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी मिलेगा। जिला हॉकी संघ, गुना ने अंशु साहू तथा मप्र जूनियर महिला हॉकी टीम को चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर निकाला चल समारोह

गुना। शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सकल राठौर समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जयंती समारोह की शुरुआत हनुमान गली स्थित श्री राम जानकी मंदिर में मुख्य अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे इसी मंदिर परिसर से एक विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों जैसे हनुमान गली, नई सडक़, बताशा गली, सदर बाजार और लक्ष्मीगंज से होता हुआ नारायणा गार्डन पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। जुलूस के दौरान मार्ग में जगह-जगह समाजसेवियों एवं शहरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर चल समारोह का आत्मीय स्वागत किया गया।

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी दबोचा

गुना। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में सिरसी थाना पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि 4 अगस्त 26 को सिरसी थाने पर 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने आरोपी गोलू अगरिया निवासी कस्बाथाना, राजस्थान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में किशोरी ने बताया कि 11-12 जुलाई 26 की दरम्यानी रात आरोपी उसे बहला-फुसलाकर एवं शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले गया तथा उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने गत दिवस आरोपी को दबोचकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

लाल परेड मैदान पर परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल संपन्न

मार्च पास्ट, प्रशिक्षित स्निफर डॉग के प्रदर्शन ने बढ़ाया रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अंचल भर में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस अवसर पर गुना के लाल परेड मैदान पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पूर्व गुरुवार को लाल परेड मैदान पर एएसपी प्रशांत सिंह सुमन की उपस्थिति में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल आयोजित की गई। पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह के निर्धारित कार्यक्रम एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया।

अंतिम रिहर्सल के दौरान निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन करते हुए एडीएम अखिलेश कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय के नेतृत्व में परेड का संचालन किया गया तथा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात परेड द्वारा हर्ष फायर एवं शानदार मार्च पास्ट की कार्यवाही संपन्न की गई। इस दौरान पुलिस के प्रशिक्षित स्निफर डॉग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का रोमांचक एवं शानदार प्रदर्शन भी किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। परेड में पुलिस, एसएएफ एवं होमगार्ड के प्लाटूनों के साथ-साथ एनसीसी, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस एवं शौर्य दल सहित 13 प्लाटूनों ने सहभागिता की। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित अनुशासन एवं समन्वय के साथ मार्च पास्ट का पूर्वाभ्यास किया। अंतिम रिहर्सल के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं नशा मुक्ति जागरूकता हेतु आकर्षक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अधिकारियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

उल्लेखनीय है कि गुना जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को लाल परेड मैदान पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल प्रातः 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात परेड की सलामी एवं निरीक्षण किया जाएगा तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस के प्रशिक्षित स्निफर डॉग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

कुशमौदा में सड़क जलमग्न सोयाबीन फैक्ट्री मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे, राहगीर परेशान

शिकायत करने पर नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कुशमौदा पुलिस चौकी से बनी सोयाबीन फैक्ट्री की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रहा है। क्षेत्र में हुई हालिया बारिश के बाद पूरी सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति यह है कि इन गड्ढों में लबालब पानी भरा होने के कारण चालकों को सड़क की गहराई का अंदाजा ही नहीं हो पाता, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

कीचड़ के कारण निकलना जोखिम भरा

इस व्यस्त मार्ग से रोजाना सैकड़ों राहगीर, स्थानीय निवासी और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों का निकलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कई बार वाहन इन गहरे गड्ढों में फंसकर अनियंत्रित हो जाते हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार इस जर्जर सड़क की स्थिति से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक गड्ढे भरने या जल निकासी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। आए दिन हो रही परेशानियों से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका व जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तत्काल गिट्टी-मुरम डलवाकर गड्ढों को भरा जाए और स्थायी सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि किसी बड़ी जनहानि को रोका जा सके।

जलवृष्टि के लिए किया गया संकल्प महाअनुष्ठान के समापन से पहले बरसे मेघ

जब समाज और राष्ट्र पर किसी प्रकार की समस्या आती है, तब संत समाज ही उसकी चिंता करता है: राघवेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भगवान महाकालेश्वर की असीम कृपा से लक्ष्मीनारायण मंदिर, भुजरिया तालाब में आयोजित एकादश दिवसीय पार्थिव निर्माण, रुद्र अर्चन एवं शिव महापुराण कथा का गत दिवस समापन हुआ। इस अवसर पर महंत राघवेंद्र दास महाराज ने कहा कि गुना शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान, व्यापारी और समाज का प्रत्येक वर्ग चिंतित था। ऐसे समय में संत समाज ने इस चिंता को अपनी चिंता मानते हुए भगवान महाकाल एवं इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए महाअनुष्ठान का संकल्प लिया था।

महाराज ने बताया कि भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान महाकाल के समीप इस संकल्प के बाद अपने परिकरों के साथ बैठक कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। इसके पश्चात 11 दिवसीय महाअनुष्ठान में द्वादश ज्योतिर्लिंग पार्थेश्वर निर्माण, रुद्र अर्चन एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि यह भगवान की कृपा ही है कि आयोजन के समापन से पूर्व ही क्षेत्र में जलवृष्टि हुई और लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। वर्षा होने से विशेषकर अन्नदाता किसानों में प्रसन्नता का वातावरण बना।महंत राघवेंद्र दास महाराज ने आयोजन की सफलता के लिए शासन-प्रशासन, पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों, शिष्यगण, मंदिर से जुड़े सभी भक्तों, शहरवासियों एवं दानदाताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज की सहभागिता ही उनकी वास्तविक सफलता है। उन्होंने आगामी धार्मिक आयोजनों में भी सभी से इसी प्रकार सहभागिता निभाने का आह्वान किया है।

देशभक्ति के रंग में रंगा गुना, पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा, एसपी ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत गुरुवार को गुना पुलिस द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ हुई इस तिरंगा यात्रा को एसपी हितिका वासल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्रभक्ति, एकता एवं देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

यात्रा में शामिल पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों में विशेष उत्साह एवं देशभक्ति का भाव देखने को मिला। तिरंगा यात्रा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर गोपाल मंदिर तिराहा, जेल तिराहा, पी.जी. कॉलेज रोड, अंबेडकर चौराहा, हनुमान चौराहा, तेलघानी तिराहा, जय स्तंभ चौराहा, जज्जी बस स्टैंड, वंदना स्कूल, सोम्या मॉल, मारुति शोरूम, बी.जी. रोड बायपास, भुल्लनपुरा, बी.जी. रोड ओवरब्रिज, जय स्तंभ, कोतवाली रोड, शगुन चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड, जगदीश कॉलोनी, शांति पब्लिक स्कूल, अंबेडकर चौराहा, बीएसएनएल एक्सचेंज, रिलायंस पेट्रोल पंप तिराहा एवं गोपालपुरा रोड़ होते हुए पुलिस लाईन पहुंचकर समाप्त हुई ।तिरंगा यात्रा में एएसपी प्रशांत सिंह सुमन, प्रभारी सीएसपी आनंद राय, विवेक अस्थाना, डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक विकास उपाध्याय, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, यातायात निरीक्षक मोनिका जैन, निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसी प्रकार जिले में देहात के सभी भी थाना क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया।

पेट्रोल पंप पर विवाद, दूसरी मशीन से पेट्रोल लेने की बात पर सेल्समैन से मारपीट

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुठियाई चौकी स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी राजेश यादव ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि गत शाम आरोपी गुलाब सिंह बंजारा और भूरा बंजारा बाइक में ईंधन भरवाने आए थे। जब राजेश ने मशीन में पेट्रोल खत्म होने की बात कहते हुए उन्हें दूसरी मशीन पर जाने को कहा, तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सेल्समैन पर लात-घूसों से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद मैनेजर पंचम अहिरवार और कुलदीप लोधा ने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी दे गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

आरोपः पेट्रोल पंप पर गड़बड़ी, 330 रुपए के पेट्रोल में निकला पानी!

गुना। शहर के एबी रोड स्थित एक पेट्रोल पंप से वाहन चालकों को पेट्रोल की जगह पानी बांटे जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। ईंधन में अत्यधिक पानी होने के कारण बाइक बंद पड़ गई, जिसके बाद पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत की बात कही है। जानकारी के अनुसार, कुसमौदा क्षेत्र के गांधी वोकेशनल कॉलेज के पास रहने वाले सोनू धाकड़ ने गुरुवार सुबह उक्त पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में 330 रुपये का पेट्रोल भरवाया था। पंप से निकलते ही कुछ दूरी पर गाड़ी हिचकोले लेकर बंद हो गई। शक होने पर जब पीड़ित ने मैकेनिक से बाइक की टंकी और कार्बोरेटर की जांच कराई, तो सब हैरान रह गए।

आयुष चिकित्सा की सेवाएं, उपचार के अनुभवों और नवाचारों का करें प्रचार-प्रसार

अपनी ग्रोथ स्टोरी लिखें, नाम रोशन करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार को आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आयुष विभाग सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जिले में आयुष चिकित्सा पद्धति की पहचान और अधिक मजबूत हो तथा अधिक से अधिक लोग आयुष पद्धति से उपचार के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यही है कि आयुष का जिले में नाम हो और आयुष चिकित्सा का दायरा निरंतर बढ़े। बैठक में जिला आयुष अधिकारी डॉ. जी.एस. गनावे सहित आयुष विभाग के चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर कन्याल ने चिकित्सकों से संवाद करते हुए पूछा कि वर्तमान में आयुष चिकित्सा का दायरा किस प्रकार बढ़ रहा है और प्रतिदिन ओपीडी में कितने मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने चिकित्सकों से उनके उपचार संबंधी अनुभव भी जाने तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति की जानकारी लोगों तक केवल अस्पतालों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। शिविरों के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद, योग, यूनानी एवं होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों के लाभों से अवगत कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार उपचार भी उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि आप अपने उपचार के अनुभवों और नवाचारों को सामने लाएं। आपने किन मरीजों का किस प्रकार उपचार किया और उससे क्या परिणाम मिले, इसकी जानकारी संकलित करें। अपनी ग्रोथ स्टोरी लिखें, ताकि सफल उपचार के अनुभव अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी बन सकें। कलेक्टर ने कहा कि आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर उपचार के लिए निरंतर रिसर्च और नवाचार की आवश्यकता है। चिकित्सक अपने अनुभवों के आधार पर यह अध्ययन करें कि किस प्रकार मरीजों को और बेहतर उपचार दिया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपचार के दौरान सामने आने वाले अनुभवों को भी संकलित किया जाए तथा सफल उपचार के अनुभव मरीजों के माध्यम से साझा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि किसी आयुष चिकित्सक द्वारा कोई बेहतर उपचार पद्धति, नवाचार अथवा प्रभावी पहल की गई है तो उसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए, जिससे अन्य लोग भी आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक हो सकें।

कलेक्टर ने आगामी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में भी आयुष विभाग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान आयुष विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ आयुष पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने चिकित्सकों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। हमारा लक्ष्य केवल ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि लोगों का आयुष चिकित्सा पर विश्वास बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना होना चाहिए।

भदैयाकुंड से लौट रहे गुना के युवकों की कार ट्रक से टकराई तीन गंभीर घायल, भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पड़ोसी जिले शिवपुरी के कोलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात एक भीषण सडक़ हादसा घटित हो गया। भदैयाकुंड से पिकनिक मनाकर वापस गुना लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार कार पूरणखेड़ी के समीप निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य साथियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और हाईवे एम्बुलेंस की मदद से घायलों को वाहन से निकालकर तत्काल कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

गंभीर घायलों की पहचान गुना निवासी शिवम ओझा (18), मन्नू (25) और नितिन (26) के रूप में हुई है, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसे का मुख्य कारण ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते लागू किया गया वन-वे ट्रैफिक और वाहनों की तेज रफ्तार माना जा रहा है। एक ही लेन से वाहनों की आवाजाही होने के कारण अचानक सामने आए ट्रक से कार चालक नियंत्रण खो बैठा और सीधी टक्कर हो गई। कोलारस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समाचार संक्षेप

भूख लगने पर कुत्ता तो गंदगी खा लेता है मगर शेर गंदगी नहीं खाता: मुनि श्री



राघौगढ़। ससंघ चातुर्मास कर रहे महा तपस्वी, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में प्रवचन करते हुए कहा आप शेर हो मगर आपको यह ज्ञान नहीं है कि मैं शेर हूं। आपने कहा भूख लगने पर कुत्ता तो गंदगी भी खा लेता है। मगर शेर भूख लगने पर गंदगी नहीं खाता और शेर स्वयं शिकार कर ही भोजन करता है। आगे कहा आप अपने घर से भगाने के लिए कुत्ता को डंडा दिखाते हैं तो कुत्ता डंडे को पकड़ता है। जबकि शेर उसे जो डंडा मार रहा है उस पर वार करता है। मुनिराज ने वर्तमान में अच्छी पढ़ाई कर नौकरी कर सेवक बनने की प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा अपने बच्चों को सेवक ना बनाएं उन्हें स्वयं का व्यापार करने प्रेरित करें। रामायण कालीन उदाहरण देते हुए मुनिराज ने कहा जब रामचंद्र जी के आदेश पर सेनापति कृतांत वक्र सीता जी को वन में छोड़ने गया। उस समय सेनापति कृतांत वक्र ने सीता जी से कहा मेरी यह मजबूरी है कि मैं सेवक हूं। सेवक को मालिक के हर आदेश का पालन करना पड़ता है। सज्जन व्यक्ति कभी गलत कार्य का समर्थन नहीं करता। सेवक को मालिक की आज्ञा में गलत कार्य करना पड़ता है। आपने दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रवचनों के अंश का उल्लेख करते हुए कहा राजा रामचंद्र जी ने एवं गुरु द्रोणाचार्य ने पद पर रहकर न्याय में कमी कर दी।

हॉस्टल में दिलाई तम्बाकू निषेध की शपथ किया स्वास्थ्य परीक्षण

गुना। विकासखंड चांचौड़ा के विभिन्न छात्रावासों में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डॉ. अमित जायसवाल, आरबीएसके चिकित्सक द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और प्रत्येक सप्ताह आयरन की गोली खाने को कहा गया। साथ ही आयरन की गोली खाने के लाभ बताए गए। तम्बाकू और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। पूजा माली, काउंसलर (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) ने बढ़ती उम्र में होने वाले शारीरिक बदलाव, विभिन्न सावधानियों और स्वच्छता के बारे में बताया। प्रदीप सेन, व्हीबीडी तकनीकी पर्यवेक्षक द्वारा मौसमी बीमारियों एवं मच्छर जनित बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान तम्बाकू निषेध की शपथ भी दिलाई गई। डॉ. सौम्या वाजपेयी, बीएमओ बीनागंज ने बताया कि छात्रावासी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

सघन जागरुकता अभियान का जिला चिकित्सालय से शुभारंभ

गुना। मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल के निर्देशानुसार 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 26 तक चलने वाले सघन जागरूकता अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय गुना से किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सीएमएचओ द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली मुख्य बाजार से होते हुए जिला चिकित्सालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में ओमकार कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं, पैरामेडिकल विद्यार्थियों तथा टीआई स्टाफ ने सहभागिता कर एचआईवी/एड्स से बचाव, जागरूकता एवं सुरक्षित व्यवहार का संदेश दिया।

रामचरित मानस आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

राधा रानी की मुदरिया चोरी की लीला में सखियों के द्वारा दिया सुंदर चित्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता संयोजक अनिल भार्गव ने बताया कि मानस भवन समिति द्वारा रामचरित मानस आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 13 अगस्त गुरुवार को स्कूलों एवं मानस भवन में एक साथ एक ही समय में आयोजित हुई प्रतियोगिता शुभांरभ भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम पारीक अग्रवाल समाज के अध्यक्ष भगवान दास गर्ग एवं वृंदावन से पधारे रासलीला संचालक श्री तीर्थ राम पचौरी द्वारा दीप प्रजुलन कर किया इस प्रतियोगिता में 4641 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया शिशु मंदिर404 ,वंदना कान्वेंट स्कूल 552, क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल 315, शांति पब्लिक स्कूल 301 ,महारानी लक्ष्मीबाई क.उ. मा. माध्यमिक विद्यालय 320 , उत्कृष्ट विद्यालय 380, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (क्रमांक 2)110 ,सांदीपनी स्कूल 150 , एस.एल. मेमोरियल स्कूल 398, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल260 ,गुरुदेव पब्लिक स्कूल 210 ,कन्या उ. मा. वि. माध्यमिक विद्यालय कैंट 90, नवोदय विद्यालय 530 , प्रेसीडेंसी स्कूल 150, पीएम श्री पुरानी छावनी 130, संदीपनी जूनियर स्कूल 35, सत्य साईं पब्लिक स्कूल गेल 29, तात्या टोपे यूनिवर्सिटी महाविद्यालय स्तरीय 86 एवं अन्य स्कूलों एवं कॉलेज के छात्रों ने मानस भवन मैं 218 इस प्रकार बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया 19 अगस्त 2026 शाम 6:00 बजे तुलसी जयंती के समापन अवसर पर सभी केंद्र स्कूलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओ पुरस्कार दिया जाएगा सभी वर्गों में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को उनके एक परिजन सहित अयोध्या धाम की यात्रा कराई जाएगी रासलीला में द्वितीय दिवस राधा रानी की मुदरिया चोरी की लीला में सखियों के द्वारा सुंदर लीला का चित्रण, कृष्ण द्वारा माखन चोरी की लीला वृंदावन से पधारे बृज बल्लभ लीला संस्थान के द्वारा किया रासलीला के प्रारंभ में हनुमान जी एवं तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल , समाज सेवी शंभू नाथ तिवारी,समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा किया मुख्य अतिथि का सम्मान समिति के वरिष्ठ सदस्य जयनारायण सोनी, सुभाष जैन, प्रमोद शर्मा एवं संजीव विजयवर्गीय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर किया।

इतिहास से प्रेरित होकर अखंड भारत बनाने संकल्पित हों: दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारत का विभाजन 1947 के इतिहास की सबसे गहरी और पीड़ादायक घटनाओं में से एक है। यह केवल ब्रिटिश भारत के राजनीतिक पुनर्गठन और दो नए राष्ट्रों के निर्माण की घटना नहीं थी, इसके साथ समाज का विशाल विस्थापन, सांप्रदायिक हिंसा, परिवारों का बिछुड़ना और पीढ़ियों से बसे लोगों का अपने घर-गाँव से उखड़ जाना जुड़ा था। इसी मानवीय त्रासदी की स्मृति में भारत सरकार ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय 2021 में लिया। इसका घोषित उद्देश्य उन लोगों के संघर्ष, पीड़ा, बलिदान और विस्थापन को स्मरण करना तथा आने वाली पीढ़ियों को उस त्रासदी से परिचित कराना है। उक्त विचार डाइट, बजरंगढ़ में शासन निर्देशानुसार आयोजित भारत विभाजन विभीषिका विषय पर आयोजित परिचर्चा में शिक्षाविद्,व्याख्याता डाइट पं. तुलसीदास दुबे ने व्यक्त किए । परिचर्चा से पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंडित दुबे ने विभाजन के कारण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चालाक अंग्रेजों की भारत विरोधी नीति और मुस्लिम लीग की कुटिलता घृणा और हठधर्मिता ने अलग राष्ट्र की मांग को निर्णायक रूप दिया ।

हरियाली अमावस्या: पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन, शाखा राघौगढ़ परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी चाचौड़ा-बीनागंज संजय श्रीवास्तव, नपा सीएमओ राघौगढ़ तेज सिंह यादव, प्रतिष्ठित अधिवक्ता संजय कुमार जैन, गोदाम संचालक महेंद्र शर्मा, केतन सिंह चौहान, अक्षय कुमार जैन, गिरीश कुमार शर्मा, शाखा प्रबंधक वेयर हाउस आरोन भूपेंद्र दुबे, शाखा प्रबंधक बीनागंज आशाराम बरडिया, पत्रकार महेश दीप दीपक बिरवान कायस्थ समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इसी क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली पंजीकृत के प्रांतीय महासचिव डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव, संरक्षक श्री गोपाल विरल, जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, कानून एवं गो परिवार के मनीष श्रीवास्तव, श्री संजीव श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, MPSC SC के केंद्र प्रभारी आरोन रामनिवास ओझा, बलवीर यादव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विधायक प्रियंका पेंची और प्रशासन ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

भारत माता की जय और वंदे मातरम के गूंजे जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र में देशभक्ति के उत्साह के साथ तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। रैली में विधायक प्रियंका पेंची के साथ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर सहभागिता की। तिरंगा यात्रा चाचौड़ा के निचले बाजार से प्रारंभ होकर मुख्य चौराहे से होते हुए बीनागंज पहुंची। इसके बाद रैली बीनागंज से पुनः चाचौड़ा के मुख्य बाजार से होते हुए गोया में पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। रैली के दौरान पूरे मार्ग में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। बाइक सवारों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष किए। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी रैली में शामिल हुए। रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व मीना समाज,जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना, एसडीएम अमित सोनी, तहसीलदार मयंक खेमरिया, सीएमओ प्रमोद बरुआ, थाना प्रभारी दिलीप कुमार राजोरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रद्युम्न मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनीता प्रदीप नाटाणी, चौकी प्रभारी नीरज लोधी सहित राजस्व विभाग, नगर परिषद के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ मनाने संदेश दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल: मल्टी लेयर प्लास्टिक का संग्रहण एवं डोनेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर, म.प्र
मल्टी लेयर प्लास्टिक

मल्टी लेयर प्लास्टिक एक गैर-जैव अपघटनीय कचरा है, जिसका उचित प्रबंधन न होने पर यह लंबे समय तक पर्यावरण में बना रहता है और मृदा स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। घरों में दैनिक उपयोग के बाद इस प्रकार के प्लास्टिक पैकेट एवं रैपर को अक्सर बिना किसी चिंता के सामान्य कचरे में फेंक दिया जाता है। इसी समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन के उद्देश्य से महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा नियमित रूप से मल्टी लेयर प्लास्टिक एकत्र, किया जा रहा है।

महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा समय-समय पर एकत्रित मल्टी लेयर प्लास्टिक को पुणे स्थित इकोकारी नामक अपसाइक्लिंग उद्यम को भेजा जाता है। इकोकारी इस अनुपयोगी प्लास्टिक कचरे को रचनात्मक रूप से पुनर्चक्रित एवं अपसाइकिल कर विभिन्न फैशन एवं उपयोगी उत्पादों तथा एक्सेसरीज में परिवर्तित करता है। इस प्रकार प्लास्टिक कचरे को लैंडफिल अथवा खुले में फेंके जाने से बचाकर उसे उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित करने की दिशा में महाविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।इस अभियान को सफल बनाने में इको क्लब के सक्रिय सदस्यों मोनिका नामदेव, संगीता अहिरवार, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक एवं लैब तकनीशियन बृजेन्द्र सैनी एवं देवेंद्र जांटव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शिक्षक ऐप की तकनीकी खामियों से शिक्षक परेशान, वेतन की कटौती पर भी उठ रहे सवाल

अशोकनगर। जिले में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए संचालित "हमारा शिक्षक ऐप" इन दिनों सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनता जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऐप में उपस्थिति एवं लॉगआउट के समय में बार-बार परिवर्तन किया जा रहा है, जिसकी पूर्व सूचना शिक्षकों को नहीं दी जाती। इससे शिक्षक असमंजस और मानसिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। शिक्षकों के अनुसार सुबह विद्यालय पहुंचकर जब वे ऐप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं, उस समय लॉगआउट का समय अलग दिखाई देता है। निर्धारित समय पर लॉगआउट करने के लिए जब शिक्षक शाम को ऐप खोलते हैं, तो समय में पुनः परिवर्तन दिखाई देता है। आज भी अनेक शिक्षक निर्धारित समय के बाद शाम 5 बजे तक लॉगआउट दर्ज नहीं कर सके, जबकि वे शासन के निर्देशानुसार समय पर विद्यालय पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि ऐप की तकनीकी खामियों का खामियाजा शिक्षकों को वेतन कटौती के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जुलाई माह में भी बड़ी संख्या में शिक्षकों के वेतन में कटौती की गई है। तकनीकी त्रुटि के लिए शिक्षक को जिम्मेदार ठहरा आर्थिक दंड देना न्यायसंगत नहीं है।

बहादुरपुर और अथाईखेड़ा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को बहादुरपुर और अथाईखेड़ा में देशभक्ति के रंग में रंगी भव्य तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और नारों के साथ मुख्य बाजारों से यात्रा निकाली।

रैली के दौरान वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत नजर आया। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अथाईखेड़ा में पहुंचकर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। बहादुरपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से तिरंगा रैली यात्रा प्रारंभ होकर वापिस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे तिरंगा रैली का समापन किया। विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया।पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अथाईखेड़ा में कक्षा दसवीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रिंस लोधी,कक्षा नौवीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली महक दांगी तथा कक्षा ग्यारहवीं में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली परी शर्मा को शील्ड एवं मेडल प्रदान किए गए। विधायक ने विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए आगे भी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर में विधायक ने वृक्षारोपण किया।

तिरंगा रैली एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

मेरा युवा भारत, अशोकनगर (म.प्र.)
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार
स्वच्छता पखवाड़ा
दिनांक : 01 अगस्त से 15 अगस्त 2026
संगोष्ठियां, स्वच्छता जागरुकता व शपथ, रैली, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, वृक्षारोपण आदि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में गुरुवार को प्राचार्य बी.के.बमोरिया, जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत श्रेया कंदोला सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में तिरंगा रैली एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा रैली में सहभागिता की। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियां भी संचालित की गईं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छ विद्यालय एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता कर स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

महाराजा दक्ष प्रजापति के सम्मान में 'दक्ष प्रजापति मार्ग' घोषित करने की मांग, नगर पालिका को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सनातन धर्म एवं संस्कृति में आदिकाल से ही महापुरुषों, ऋषि- मुनियों एवं धर्मपरायण विभूतियों के सम्मान की परंपरा रही है। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दक्ष प्रजापति आर्मी एवं प्रजापति समाज के समाजबंधुओं द्वारा महाराजा दक्ष प्रजापति के सम्मान में शहर के एक प्रमुख मार्ग का नाम "दक्ष प्रजापति मार्ग" घोषित किए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष को एक औपचारिक आवेदन सौंपा।

समाज बंधुओं ने आवेदन के माध्यम से नगर पालिका प्रशासन से पुरजोर मांग की कि महाराजा दक्ष प्रजापति के नाम पर मार्ग का नामकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति सनातन परंपरा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं श्रद्धेय व्यक्तित्व हैं। उनके नाम पर मार्ग का नामकरण किया जाना पूरे समाज के लिए गौरव और सम्मान का विषय होगा। प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा के दौरान कहा कि हमारी सनातन संस्कृति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने पूर्वजों, ऋषियों, महापुरुषों एवं धार्मिक परंपराओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान की संस्कृति है। ऐसे महापुरुषों के नाम जब सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गों से जुड़ते हैं, तो हमारी आने वाली पीढ़ियां भी अपने गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सनातन परंपरा से परिचित व प्रेरित होती हैं।

समाजबंधुओं में दिखा भारी उत्साह और एकजुटता

आवेदन सौंपने के दौरान दक्ष प्रजापति आर्मी एवं प्रजापति समाज के लोग बड़ी संख्या में एकजुट होकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। समाज बंधुओं में इस मांग को लेकर विशेष उत्साह एवं एकता दिखाई दी। सभी ने एक स्वर में नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि समाज की भावनाओं एवं धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार किया जाए और आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। इस अवसर पर लक्ष्मी प्रजापति, प्रेम नारायण प्रजापति, विष्णु प्रजापति, कमलेश प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, सुनील प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, अशोक प्रजापति, हल्के राम प्रजापत, हरिओम प्रजापति, सुरेश प्रजापति, परमानंद प्रजापति, संजीव प्रजापति, अभिषेक प्रजापति,उधम प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, रामबाबू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। दक्ष प्रजापति मार्ग" केवल एक मार्ग का नाम नहीं होगा, बल्कि यह सनातन संस्कृति, महाराजा दक्ष प्रजापति के प्रति गहरी श्रद्धा तथा प्रजापति समाज के गौरव और सम्मान का प्रतीक बनेगा। समाज ने नगर पालिका प्रशासन से आशा व्यक्त की है कि जनभावना का सम्मान करते हुए इस मांग को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत उर्जा कॉलोनी निवासी फैजान कुरैसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कान्हा और उसके दो साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांसखेडी जिला गुना निवासी मिथुन रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिओम रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुढ़ा टांका निवासी अक्षय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रमोद,संतराम और निर्दोष यादव ने फरियादी के दादाजी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी अनिल उर्फ मुकेश पुत्र बाबू आदिवासी उम्र 25 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

मध्यप्रदेश में एनालॉग पनीर प्रतिबंधित किया गया

अशोकनगर। गुजरात महाराष्ट्र और छत्तीसगढ के पश्चात अब मध्यप्रदेश सरकार एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश ने भी एनॉलाग पनीर के निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस प्रतिबंध के पश्चात कोई भी निर्माता, थोक एवं फुटकर विक्रेता एनालॉग पनीर एवं एनॉलाग मावा का निर्माण विक्रय एवं संग्रहण नही कर सकेगा। खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के परिपालन में जिले में भी जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जांच कार्यवाही जारी है। एनालॉग पनीर एक कृत्रिम या नकली पनीर है जो दिखने. छूने और स्वाद में बिल्कुल असली पनीर जैसा होता है, लेकिन इसे दूध से नहीं बनाया जाता है। खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार यह एक ऐसा डेयरी विकल्प है जिसमें दूध के तत्वों को पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर. डेयरी नॉन. डेयरी द्ध सामग्री से बदल दिया जाता है। एनालॉग पनीर को थर्मल प्रोसेसिंग के जरिए पाम ऑयल (ताड़ का तेल) या सस्ते वनस्पति फैट या स्किम्ड मिल्क पाउडर या मिल्क सॉलिड्स को मिलाकर एक पेस्ट के रूप में जमाया जाता है इसके विपरीत असली पनीर को शुद्ध दूध फाड़कर बनाया जाता है।

चंदेरी शिविर का आयोजन आज होगा

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जनपद पंचायत चंदेरी में शिविर का आयोजन 14 अगस्त को किया गया है। शिविर तहसील चंदेरी ग्रामीण क्षेत्र,राजस्व ग्राम तथा नगर परिषद चंदेरी के वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 21 तक के आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

राठौर समाज ने दुर्गादास जी की जयंती मनाई

पिपरई। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पर राठौर समाज पिपरई ने मिल कर 13 अगस्त को वीर दुर्गादास राठौर जी की 388वी जन्म जयंती मनाई। जिसमें राठौर समाज के समाज बंधु उपस्थित रहे एवं वीर दुर्गादास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर राठौर समाज के वरिष्ठ सतीश राठौर ने दुर्गादास राठौड़ के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला जिसमें उन्होंने कहा कि दुर्गादास मारवाड़ राज्य के एक अद्वितीय साहसी, कुशल सेनापति और दूरदर्शी राजनेता के रूप में इतिहास में अमर हैं। महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के पश्चात जब राज्य संकट में घिर गया, तब उन्होंने अद्भुत धैर्य और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए शिशु अजीत सिंह की रक्षा का दायित्व संभाला। उन्होंने कहा कि हमें भी अपने जीवन में इनके जैसे श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए।

मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर अंतिम रिहर्सल की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

आजादी की वर्षगांठ का मुख्य समारोह अशोकनगर जिला मुख्यालय पर मोहरी स्टेडियम पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।

इस मुख्य समारोह से पहले पुलिस परेड ग्राउंड पर अंतिम रिहर्सल की गई। रिहर्सल को लेकर कलेक्टर साकेत मालवीय और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आयोजित समारोह स्थल का निरीक्षण करने के साथ पूरी तैयारी को समझा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह समारोह पूरे गरिमा में कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रगान का आयोजन होगा इसी मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े जाएंगे। इस अवसर पर आकर्षक परेड की टुकड़ियि मार्च पास्ट करेंगी। इसी मौके पर शहर के स्कूली बच्चों द्वारा पीटी प्रदर्शन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रदान की जाएगी। पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर शहर भर के स्कूलों के बच्चों के साथ गणमान्य नागरिक इस समारोह में शामिल होगें। इस आयोजन में 13 टुकड़ियां परेड के कार्यक्रम में शामिल होंगीं और 6 स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें।

मुख्य समारोह पहले संजय स्टेडियम में आयोजित किया जाता था उससे पहले कृषि उपज गल्ला मंडी में इसकी शुरुआत की गई थी लेकिन वर्षा काल के मौसम को देखते हुए डिग्री कॉलेज स्थल पर यह कार्यक्रम आयोजित होता रहा। जैसे जैसे अधिकारी शहर में आते गए। वह अपनी इच्छा से आयोजन स्थल तय करते रहे। जिसके बाद यह आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड पर होने लगा, अब मोहरी के खेल स्टेडियम में इसे आयोजित किया जा रहा है। पहले शहर के अंदर जब प्रभात फेरी निकलती थी लोग सड़कों के दोनों ओर जमा होते थे। पूरा शहर राष्ट्रीयता के इस पर्व में शामिल होता था। लेकिन अब न तो शहर में प्रभात फैरी निकलती है और कम संख्या में ही लोग जा पाते हैं। शहर में इस तरह के समारोहों को लेकर स्थान भी अलग से होना चाहिए ताकि आजादी की वर्षगांठ के साथ गणतंत्र दिवस जैसे समारोह यहां आयोजित हो सके।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के अंतर्गत ग्राम मोहरी राय स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। फाइनल रिहर्सल परेड में पुलिस (पुरुष एवं महिला प्लाटून), विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ), होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट, गाइड, शौर्य दल सहित कुल 13 प्लाटूनों ने भाग लिया। फाइनल रिहर्सल परेड में कलेक्टर अशोकनगर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त की परेड में परेड कमांडर का दायित्व रक्षित निरीक्षक अविनाश कुमार उमरेया द्वारा संभाला जाएगा, जबकि परेड टूआईसी की जिम्मेदारी सूबेदार आइना साहिबा निभाएंगी। परेड में 26वीं वाहिनी एसएएफ की प्लाटून कमांडर उ.नि. सुमनलाल मरावी, जिला बल पुरुष प्लाटून कमांडर उ.नि. आपेक्षित रघुवंशी, जिला बल महिला प्लाटून कमांडर उ.नि. सोनम यादव, होमगार्ड प्लाटून कमांडर उ.नि. आशीष ऋषिश्वर तथा वन विभाग की प्लाटून कमांडर वन रक्षक अरविन्द यादव के नेतृत्व में टुकड़ियां शामिल होंगी।

अशोकनगर कलेक्ट्रेट से तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

स्वतंत्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में गुरूवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट से गांधी पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से जिलेवासियों को राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा में कलेक्टर साकेत मालवीय, एसडीएम इसरार खान,जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरूण रघुवंशी,जिला शिक्षा अधिकारी मधू शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी,एनसीसी के छात्र एवं स्कूली छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस रैली में हाथों में तिरंगा थामे सभी अधिकारी भारत माता की जयघोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए गांधी पार्क पहुंचे। गांधी पार्क पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ तिरंगा रैली का समापन हुआ।

महाविद्यालय की तिरंगा रैली से गूंजा शहर, राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया

अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने किया। रैली में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, एनसीसी के छात्र-छात्राएं एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश प्रेम का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति सम्मान, कर्तव्य बोध एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। तिरंगा रैली के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साह और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। रैली में शामिल सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

छात्रों के आवेदन के बाद छात्रावास पहुंचीं डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के बालक छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रावास के बच्चों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को आवेदन दिया था। आवेदन में विद्यार्थियों ने छात्रावास की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने छात्रावास पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

छात्रावास में कुल 100 विद्यार्थियों की क्षमता है, जबकि निरीक्षण के दौरान 72 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावास में भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यालय के प्राचार्य बी.के. बामौरिया को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं निर्धारित समय पर भोजन उपलब्ध कराने, छात्रावास में स्वच्छता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही वार्डन एवं अन्य कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने को कहा गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप कार्य नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावास के विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य बी. के. बामौरिया सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

एपीएस अकेडमी के स्कूली बच्चों द्वारा निकाली तिरंगा यात्रा

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा है। इसी क्रम में गुरूवार को एपीएस अकेडमी के स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा रैली में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

नगर में निकली तिरंगा रैली देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ईसागढ़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को ईसागढ़ नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विद्यार्थी, शिक्षक और नगरवासी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के माहौल में रंग दिया।

रैली की शुरुआत तहसील परिसर से हुई, जो चुंगी नाका और मुख्य बाजार से होते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में तिरंगे नजर आए। विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भारत माता के जयकारे और देशभक्ति के नारे लगाए। रैली में क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, जनपद पंचायत प्रतिनिधि रंजीत यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेंद्र यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल हुए। रैली के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने नागरिकों से अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और सम्मान के साथ मनाने की अपील की।

स्वतंत्रता के उत्साह से गूंजा नेहरू महाविद्यालय

अशोकनगर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 15 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों से महाविद्यालय का कोना- कोना देशप्रेम की भावना से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव ने कहा कि विद्यार्थियों में स्वतंत्रता को लेकर अपार उत्साह है। समूह गायन के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश के प्रति अपने प्रेम, गौरव और जिम्मेदारी की भावना को अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ सामूहिकता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का बोध नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा भी है। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशी गंगवार, डॉ. रेखा शर्मा एवं गौरी शंकर गुप्ता सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान ईश्वरीय संस्था से पधारी रानी दीदी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं संस्कारपूर्ण जीवन अपनाने के लिए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक शपथ लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं बल्कि ज्ञान की चिंगारी: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई के आई क्यू ए सी एवं पुस्तकालय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी पालक गण पुस्तकालय के महत्त्व को समझे और जाने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव रहे। विशिष्ट अतिथि अम्बरीश वैश, अभय सिंघई, नंदकिशोर मार्कन, रणवीर सिंह रहे। उन्होंने पुस्तकालय का औपचारिक उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर है जहां विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने के लिए आवश्यक संसाधनों तक पहुंच सकते हैं। पुस्तकालय न केवल हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि उन्हें शोध और नवाचार के लिए भी द्वेरित करेगा। इससे हमारे क्षेत्र की बेटे और बहन-बेटियों को ज्ञान अर्जित करने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं बल्कि ज्ञान की चिंगारी है, इससे निश्चित रूप से महाविद्यालय की नई पीढ़ी को लाभ मिलेगा। उन्होंने महाविद्यालय के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इस पुस्तकालय की इतनी व्यवस्थित संरचना से की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस पुस्तकालय में ज्ञान-विज्ञान और आधुनिक तकनीक का संगम देखने को मिलेगा। यहां से पढ़ने वाली प्रतिभाएं नौकरी मांगने वाली नहीं बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाली बनेंगी। ऐसा विश्वास है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता ने कहा कि किताबों में सच्चे ज्ञान का भंडार छिपा होता है। ज्ञान सोने-चांदी से भी अधिक कीमती होता है। यदि किसी के पास ज्ञान है तो धन अपने आप उसके पास आ जाता है। प्रसिद्ध शिक्षक डॉ. अंजू सिहारे ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का सबसे बड़ा केंद्र होता है। यहां आने वाली बहन-बेटियों और युवाओं को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पुस्तकें इंसान की सच्ची साथी होती हैं और इनके माध्यम से व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ सकता है। इससे पहले महाविद्यालय से डॉ विनोद कुमार गौतम, डॉ सुरेश कुमार गर्ग, डॉ संध्या अहिरवार डॉ अली अहमद कुरैशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको के साथ ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया।

संत और श्रावक गाड़ी के दो पहियों के समान है: मुनिश्री

15 अगस्त पर जैन समाज निकालेगी तिरंगा यात्रा: राकेश कांसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज अपने चातुर्मास के स्थापना विभिन्न मंत्रोच्चार के साथ सोलह अगस्त को श्री सुधा सागर मांगलिक भवन शान्ति नगर में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में हो रहे एक विशेष समारोह में करेंगे इस हेतु सम्पूर्ण तैयारीयों को लेकर एक आवश्यक बैठक परम पूज्य मुनि श्री के सान्निध्य में रखी गई

सोलह अगस्त को होगी चातुर्मास कलश की स्थापना

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि सोलह अगस्त को दोपहर एक बजकर तीस मिनट से श्री सुधा सागर मांगलिक जैन भवन में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र अनावरण दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगला चरण के साथ होगा। इसके साथ ही बाहर से आए हुए भक्तो दारा श्री फल भेंट किए जायेंगे इसके बाद श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के वच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद मंगल कलशो की स्थापना होगी एवं परम पूज्य मुनिश्री के मंगल प्रवचन का आयोजन होगा। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि गत वर्ष परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में पंद्रह अगस्त पर ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया था। इस वर्ष भी मुनिश्री आपके सानिध्य में हम इस समारोह को करने जा रहे हैं। इस दौरान जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि इस अवसर शहर के प्रमुख मार्गों से तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी।

उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज होगा

अशोकनगर। राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यमियों के साथ उद्यम संवाद का आयोजन 14 अगस्त को शासकीय माधव महाविद्यालय, चंदेरी में किया जाएगा। जिसमे बडे, सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्यमियों को से संबंधित लंबित स्वीकृतियों, सुविधाओं के प्रदाय एवं अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनका शत प्रतिशत निराकरण किया जाना है। अभियान के अंतर्गत स्वरोजगार से संबंधित समस्त विभाग सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई में लंबित शिकायतों एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा, साथ ही उक्त संवाद के दौरान सभी स्वरोजगार विभाग अपने- अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति वितरण पत्रो का भी वितरण होना है। उद्यम संवाद के दौरान ही सभी विभाग अपनी-अपनी विभागीय याजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगें एवं स्वरोजगार के इच्छुक हितग्राहियों से नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जाएगें।

नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

अशोकनगर में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल की विशाल व ऐतिहासिक वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल द्वारा आज अशोकनगर नगर में विशाल, भव्य एवं ऐतिहासिक वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहनों के साथ निकली रैली ने पूरे नगर में उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता, हिंदू समाज की जागरूकता तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया।

वाहन रैली का नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों एवं समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर लोगों ने रैली में शामिल कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कर अपना समर्थन एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य हिंदू समाज में जागरूकता, सामाजिक समरसता, संगठनात्मक एकता एवं राष्ट्रभावना को और अधिक मजबूत करना है।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह, विभाग सह मंत्री रामवीर यादव,बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अंकित जैन बड़कुल, जिला मंत्री कंछेदी दांगी, जिला सह मंत्री अरुण जैन, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, अमित पड़रिया, संतोष शर्मा बरखेड़ी, शुभम नामदेव, सौरभ शर्मा, कपिल पांडेय सहित जिले के सभी प्रखंड ओर खंड के अध्यक्ष एवं मंत्री, बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रबंधन पर लगाए लापरवाही पूर्वक इलाज करने के गंभीर आरोप

इलाज के दौरान महिला की मौत परिजनों ने लीलावती अस्पताल में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

शहर के निजी लीलावती अस्पताल में मामूली से पेट दर्द का इलाज कराने पहुची सँवासी निवासी महिला हेमलता यादव की ट्रीटमेंट के दौरान मौत हो गई। महिला की अचानक हुई मौत पर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा करते हुए प्रबन्धन पर लापरवाही के गम्भीर आरोप लगाए। काफी देर तक अस्पताल में हुए हंगामे के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों को कार्यवाही का आस्वासन दिया । इसके बाद परिजन शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल लाये जहा महिला का पीएम किया गया। पुलिस ने मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की बात कही है। परिजनों का कहना है कि महिला को गलत ट्रीटमेंट दिया गयाए जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ को रात में नशे में धुत होने और डॉ की जगह प्रेक्टिसनरो से इलाज किये जाने के भी आरोप लगाए है।

आए दिन सामने आ रहे मामले

इस अस्पताल में लापरवाही का यह पहला मामला नही है। आये दिन यहां इसी तरह के मामले सामने आ रहे है जिसमे मरीजो की जान आफत में पड़ती दिखाई दे रही है। तीन पहले ही अस्पताल में डिलेवरी के बाद इलाज कराने पहुची एक महिला का गलत इलाज किये जाने से उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इसके अलावा कुछ दिन पहले एक युवती की भी इसी तरह मौत की खबर सामने आई है। जिसकी स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों से शिकायतें किये जाने के बाद भी मामले में कोई कार्यवाही देखने को नही मिली। इन मामलो में आमजन बीएमओ पर भी निजी अस्पतालों से मिलीभगत का आरोप लगा रहे है। फिलहाल इन घटनाओं के बाद नागरिको ने अस्पताल की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठाई है।

कमाई में जुटा, अस्पताल मौके पर इलाज कर रहे झोलाछाप

देखने मे आया है शहर में लगातार खुलते जा रहे निजी अस्पतालों में जहाँ पर्याप्त सुविधाएं नही है। वही अस्पताल संचालको ने महज नाम के लिए अनुभवी डॉक्टरों की सूची स्वास्थ्य विभाग को सौप रखी है। लेकिन मिली जानकारी के अनुसार यहां सम्बन्धित डाक्टरो के स्थान पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजो का इलाज कर रहे है। रात में मेडिकल स्टाफ नशे में रहने की शिकायतें मिल रही है। वही इलाज के नाम पर अस्पताल मरीजो के परिजनों से जमकर पैसे लूट रहे है।

कई बार सील हो चुके निजी क्लीनिक पर हो रही डिलीवरी

इधर शहर के चम्पी मोहल्ला स्थित भारत क्लीनिक पर महिलाओं की डिलेवरी की जा रही है।बताया जाता है लीलावती अस्पताल में इलाज के बाद जिस महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है उसकी जून माह में इसी क्लिनिक पर डिलेवरी हुई थी। जहां लापरवाही के चलते ही महिला के स्वास्थ्य ठीक नही हो सका था। उल्लेखनीय है कि यह क्लिनिक पूर्व में कई बार सील किया जा चुका है।

इनका कहना है...

लीलावती अस्पताल की शिकायत मिली है, जिसकी जांच के लिए टीम गठित की गई है। जांच उपरांत मामले में कार्रवाई की जाएगी।

आर के अहिरवार सीबीएमओ नरसिंहगढ

हरियाली अमावस्या मनाई

जन अभियान ने किया पौधरोपण मातृशक्तियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर ग्राम ढाकनी में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद नवांकुर सखी यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में शामिल मातृशक्ति को पौधे वितरित कर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। महिलाओं ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की तब तक देखभाल की जाएगी, जब तक वे बड़े होकर वृक्ष का रूप नहीं ले लेते। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के मेंटर्स एवं नवांकुर संस्थाओं की बैठक भी आयोजित हुई। इस दौरान संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने मेंटर्स एवं नवांकुर संस्थाओं को उनके कार्य एवं निर्धारित लक्ष्यों के प्रति सजग रहने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने क्षेत्र में वृहद नर्सरी तैयार करने तथा सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, श्मशान स्थलों सहित अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं के संचालन को लेकर भी मेंटर्स से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मातृशक्ति द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। संस्था की ओर से सभी प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए। ग्राम ढकनी के मुक्तिधाम परिसर में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया एवं वरिष्ठ साहित्यकार-चित्रकार सुशील व्यास सारंग ने पौधारोपण किया। ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर्स को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

सावित्री एसोसिएशन की महिला जिलाध्यक्ष

राजगढ़। गत दिवस प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रांताध्यक्ष सुधीर द्वारा सावित्री गौड़ को एसोसिएशन का महिला जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके साथ ही श्रीमती अनीसा बेगम को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। दोनों पदाधिकारियों से आशा की गई कि वे पूरी ईमानदारी के साथ संगठन को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों राजेंद्र जोशी काका, स्वयं प्रकाश शर्मा, जगदीश गौड़, सतेंद्र सोनी, पुरुषोत्तम शर्मा, दिलीप व्यास, कुंज बिहारी शर्मा, राजीव दुबे, पीयूष शर्मा, राजेंद्र खत्री सहित अन्य ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की हैं।

स्वतंत्रता दिवस की हुई फाईनल रिहर्सल

राजगढ़। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों के तहत गुरुवार को पुलिस परेड ग्राउंड, राजगढ़ में फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम निधि भारद्वाज उपस्थित रहीं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री केएल बंजारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। फाइनल रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाभ्यास किया गया। परेड दलों ने अनुशासन एवं गरिमापूर्ण ढंग से परेड का अभ्यास किया। ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, मार्च-पास्ट सहित समारोह की अन्य व्यवस्थाओं का भी रिहर्सल के माध्यम से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने समारोह स्थल पर मंच व्यवस्था, परेड ग्राउंड, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस मनाने आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में पूर्ण की जा रही हैं।

बस स्टैंड स्थित काम्पलेक्स की नपा की दुकानों का मामला

बगैर अनुमति शराब विक्रेता को किराए पर दी दुकानें, चार को नोटिस थमाए



कार्यालय नगरपालिका परिषद राजगढ़ (ब्यावरा) जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/ नपारा/2026/ 2130 राजगढ़ दिनांक 11-8-2026
सूचना पत्र

प्रति
श्री सोमलाल पिता श्री शंम्भूलाल
शापिंग काम्प्लेक्स दुकान कमांक 04
मोबाईल नम्बर – 9425097662
नाका न. 03 राजगढ़

विषय :- नगर पालिका स्वामित्व एवं आधिपत्य की शापिंग काम्प्लेक्स दुकान कमांक 04 के संबंध में।

-00-

विषयान्तर्गत लेखकर आपको सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व एवं आधिपत्य की शापिंग काम्प्लेक्स स्थित बाहर की ओर दुकान क्रमांक 04 जो कि किरायेदारी पर आवंटित की गई थी। ज्ञात हुआ है उक्त दुकान को अनुबंध शर्त अनुसार प्रथम पक्ष की सहमति के बिना द्वितीय पक्ष के द्वारा किसी अन्य को किरायेदारी पर देने का अधिकार नहीं है। तथा संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा किराये पर किसी अन्य व्यक्ति को दी गई दुकान में अवैध रूप से सक्षम अनुमति प्राप्त किये बिना मदिरा विक्रय किया जा रहा है जो कि अनुबंध शर्तो का उल्लंघन है।

अतः आपको सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त दुकान को खाली कराकर स्वयं के द्वारा व्यवसाय किया जावे अन्यथा में वर्णित अनुबंध शर्तो अनुसार दुकान खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

सूचित हो।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद राजगढ़

पृ.क्रमांक/राज./नपारा/2026/ 2131-1-2-3 राजगढ़ दिनांक 11-8-2026
प्रतिलिपि :-
01 कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
02 अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) अनुविभाग राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
03 थाना प्रभारी महोदय, थाना कोतवाली राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद राजगढ़


WINE SHOP
कम्पोजिट वर्ष 2026-27 ला. विनोद शिवहरे
अंग्रेजी व देशी शराब दुकान
गंज, राजगढ़
WINE SHOP
ROYAL STAG
STOK
भाव में भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कुछ वर्षों पूर्व नगर पालिका ने बोली सिस्टम(ऑक्शन) के तहत नगर के लोगों को किराएदारी के आधार पर दुकानों का आबंटन किया था। स्थानीय नाका नंबर-3 स्थित शॉपिंग काम्पलेक्स में उक्त दुकानें आवंटित हुई थीं। नगर पालिका द्वारा दुकानदारों से किए गए एग्रीमेंट के तहत कोई भी दुकान बगैर नपा की अनुमति किसी दूसरे को किराए पर नहीं दी जा सकती थी। इसके बावजूद नाका नंबर-3 के चार दुकानदारों ने अपनी दुकानें वर्तमान शराब विक्रेता को किराए के आधार पर दे दीं। ऐसे में नगर पालिका प्रबंधन ने चारों दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए हिदायत दी है कि अपनी-अपनी दुकानें खाली करवाते हुए स्वयं के द्वारा व्यवसाय किया जाए। ऐसा न करने पर नगर पालिका द्वारा उक्त दुकानों को खाली करवाने की कार्यवाही की जाएगी।

इन चार दुकानदारों को जारी हुए हैं नोटिस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजगढ़ ने जिन चार दुकानदारों को उक्त नोटिस जारी किए हैं उनमें सोमलाल पिता शंभुलाल दुकान क्रमांक-4, कालूराम पिता प्यारजी दुकान क्रमांक-5, दिनेश कुमार पिता बाबूलाल दुकान क्रमांक-6 एवं बब्बी खां पिता अताउल्ला खां दुकान क्रमांक-7 शामिल हैं। आपको बतादें कि उक्त चारों दुकानें एकदम पेरेलर(एक के बाद एक) बनी हुई हैं ऐसे में संबंधित शराब विक्रेता ने अपनी सहुलियत के लिए चारों दुकानों को किराए पर

दिखावा न बनकर रह जाए नोटिस

उक्त लापरवाही पर जारी नोटिस के बाद अब देखना यह है कि क्या सभी चारों दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें खाली करवाते हैं या उक्त नोटिस महज एक दिखावे की कार्यवाही बनकर रह जाते हैं।

अन्य स्थानों पर भी नजर आ रही ऐसी लापरवाही

ऐसा भी नहीं है नगर पालिका के आधिपत्य और किराएदारी के तहत आबंटित दुकानों को किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, समूह को किराए पर देने का यह इकलौता मामला हो। नपा के आधिपत्य वाली दुकानें अन्य स्थानों पर भी संबंधित बोली लगाकर लेने वाले व्यक्तियों ने दूसरों को किराए पर दे रखी हैं।

इनका कहना है...

चारों दुकानदारों ने बगैर नपा की अनुमति अन्य व्यक्ति/समूह को अपनी दुकानें किराए पर दी हैं। ऐसे में हमने चारों को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि वे अपनी-अपनी दुकानें खाली करवाएं। ऐसा नहीं हाने पर नपा उन्हें खाली करवाएगी।

- पवन अवस्थी, सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

कई वार्डों में नलों में आ रहा दूषित व मटमैला पानी लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय के कई वार्डों और मोहल्लों में बीते कुछ दिनों से बेहद मटमैला और दूषित पानी नगर पालिका द्वारा सप्लाई किया जा रहा है। आलम यह है कि नलों से पानी भरते-भरते ही बर्तन के तले में मिट्टी व अन्य गंदगियां नजर आ रही हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद यह समस्या नजर आ रही है। स्थानीय रहवासियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर उक्त समस्या के संबंध में शिकायतें की हैं। स्थानीय वार्ड क्रमांक-11, हेडगेवार कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, उद्धभव नगर सहित अन्य मोहल्लों और बस्तियों में यह समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि नगर पालिका के पार्षद इस बारे में नपा प्रबंधन को शिकायतें कर चुके हैं, इसके बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। दूषित पेयजल के कारण लोग उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। गंदा और बदबूदार पानी घरों में आने के चलते लोगों ने मजबूरन अब अपने घरों में पानी के कैम्पर मंगवाना शुरू कर दिए हैं ताकि बीमार होने से बचा जा सके। उधर, गरीब बस्तियों के लोगों का कहना है कि अमीर लोग तो घरों में कैम्पर मंगवा सकते हैं लेकिन वे क्या करेंगे।

पात्र किसानों को तुरंत मिले फसल बीमा का लाभः प्रियव्रत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

झंडा चैक सोसाइटी के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान धरना स्थल पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। यह धरना प्रदर्शन किसान कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था इस सभा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर बरसे उन्होंने अपने तीखे संबोधन में सरकार और बीमा कंपनियों के रवैये को आड़े हाथों लिया ।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि,आज मध्य प्रदेश का अन्नदाता चैतरफा मार झेल रहा है । एक तरफ प्रकृति का प्रकोप है, तो दूसरी तरफ प्रशासनिक विफलता और संवेदनहीनता है । किसानों की गाढ़ी कमाई से फसल बीमा का प्रीमियम तो समय पर काट लिया जाता है,लेकिन जब मुआवजे और राहत राशि देने की बारी आती है, तो बीमा कंपनियां और अधिकारी नियम-कायदों का बहाना बनाकर बैठ जाते हैं,सिंह ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा नारायण टेक्स लेना नहीं भूलते किसान को भूल जाते । इस अवसर पर सभा को श्याम बाबू तेजरा,पूर्व विधायक डॉ. रामप्रसाद दांगी, जिला पंचायत सदस्य जसवंत गुर्जर लिंबोदा, मोहन सिंह पवार, कालू सिंह तोमर एवं सत्यनारायण सरावत ने भी संबोधित किया । वक्ताओं ने अपने संबोधन में सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और खाद की किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी है । प्रशासन को तुरंत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर तकनीकी कमियों को दूर करना चाहिए और पात्र किसानों को फसल बीमा का हक दिलाना चाहिए । जब तक हर एक पीड़ति किसान के खाते में सोयाबीन फसल बीमा की राशि नहीं आ जाती, तब तक संयुक्त रूप से यह लड़ाई लड़ी जाएगी ।

नारों के बीच सौंपा ज्ञापन

झंडा चैक सोसाइटी के सामने आयोजित धरना व सभा के समापन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों का एक जुलूस निकाला गया । जिसमें विभिन्न नारे,किसानों को न्याय दो, बीमा राशि का भुगतान करो, और बिजली-खाद का संकट दूर करो जैसे गगनभेदी नारों और किसान एकता के जयघोष के साथ यह जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ तहसील कार्यालय पहुंचा।

खाद-बीज न मिलने से नाराज किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रशासन द्वारा भरपूर खाद, बीज की उपलब्धता के दावों के बीच खाद, बीज न मिलने से नाराज किसानों ने गुरुवार सुबह स्थानीय एनएच-52 पर जाम कर दिया। नाराज किसान हाईवे के दोनों तरफ अपने वाहन अड़ाकर बैठ गए और अन्य वाहनों की आवाजाही रुकवा दी। जाम की सूचना मिलने पर कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया मौके पर पहुंचे और किसी तरह किसानों को समझाईस देकर जाम खुलवाया। इस बीच जाम में फंसकर दफ्तरों सहित अन्य स्थानों पर जाने वाले यात्रियों, राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के चलते यह जाम ज्यादा समय नहीं चल पाया और यातायात बहाल करवा दिया गया।

देशभक्ति का उत्साह चरम पर, मुख्यालय पर उत्साह से निकाली गई यात्रा

ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में उमड़े हजारों देशभक्त, गूंजे तराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्वतंत्रता दिवस की आहट के साथ राजगढ़ में देशभक्ति का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि तिरंगा केवल हमारे हाथों में लहराता राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और भारत के गौरव का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए उस आजादी के महत्व को स्मरण करने और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने का अवसर है। यात्रा के माध्यम से नागरिकों से आह्वान किया गया कि स्वतंत्रता दिवस को केवल उत्सव के रूप में न मनाकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने तथा देश की प्रगति में अपना योगदान देने के संकल्प के साथ मनाएं। तिरंगे का सम्मान हमारी राष्ट्रीय भावना और एकता का सम्मान है। प्रत्येक नागरिक की सहभागिता, जिम्मेदारी और समर्पण से ही राष्ट्र मजबूत और समृद्ध बनता है।

भारत माता और महापुरुषों की वेशभूषा बनी आकर्षण का केंद्र

खुली जीप में भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद भगत सिंह की वेशभूषा में सजे बच्चों ने यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इन बच्चों के स्वरूप ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। तिरंगा यात्रा में कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ, विधायक सहित अन्य शामिल हुए।

विद्यार्थी देशभक्ति के नारों के साथ निकले

स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की अलख जगाई, तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को सारंगपुर नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी देशभक्ति के नारों के साथ नगर की सड़कों पर निकले तो पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए स्कूली बच्चों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के जयघोष लगाए। बच्चों के हाथों में लहराते तिरंगे और उनके उत्साह ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया।यात्रा का समापन बस स्टैंड पर किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर में पहली बार इतनी बड़ी तिरंगा यात्रा निकली है, जिसमें विद्यार्थियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,नपा उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

खुजनेर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

खुजनेर। नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उत्साह के साथ मांगलिक भवन से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ तिरंगा यात्रा प्रारंभ से पूर्व खुजनेर की माटी के लाल शहीद मनीष विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और राष्ट्रगीत का वाचन किया जिसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा नगर के शिमला बस स्टैंड राजगढ़ चैराहा शिवाजी बाजार सहित प्रमुख मार्गो से निकाली गई यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों और तिरंगे से राष्ट्रप्रेम का माहौल नजर आया राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और देश के प्रति गौरव की भावना को मजबूत करना है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति

अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करते हैं वही तिरंगा यात्रा में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, तहसीलदार नित्यानंद पांडे नगर परिषद अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा खुजनेर टी आई रवि ठाकुर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केदार काका गुप्ता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पंकज शर्मा मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

माचलपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूरे मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही तिरंगा यात्राओं की कड़ी में माचलपुर नगर में भी एक भव्य तिरंगा यात्रा दोपहर बाद निकाली गई । इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयोजित यात्रा में देशप्रेम का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला । नगर के नर्मदा मालवा बैंक के सामने स्थित चैक से यात्रा की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की, इसके बाद हाथों में तिरंगा थामे देशभक्तों का कारवां नगर भ्रमण के लिए आगे बढ़ा।